समाचार

# उद्योग मंत्री व महापौर ने किया 01 करोड़ 05 लाख रू. के विकास कार्यो का भूमिपूजन

## (सीतामणी चौक कोरबा में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में निगम के वार्ड क्र. 01, 05, 06, 08 व 09 को मिली विकास कार्यो की सौगात )



कोरबा 12 दिसम्बर 2025 –प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 01, 05, 06, 08 व 09 को 01 करोड़ 05 लाख रूपये के 06 विकास कार्यो की सौगात मिली। इस मौके पर सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर सहित निगम की एम.आई.सी. के सदस्य व पार्षदगण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 01 अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा के सामने 10 लाख रूपये की लागत से सी.सी.रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 05 अंतर्गत ईदगाह में इंदिरा नगर आंगनबाड़ी कलवर्ट तक 30 लाख रूपये की लागत से नाली निर्माण, वार्ड क्र. 06 अंतर्गत पुरानी बस्ती कोरबा में सर्वमंगला फ्लोर मिल से भण्डारी चौक तक 12 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण, वार्ड क्र. 08 अंतर्गत मोतीसागरपारा नवीन माध्यमिक शाला के सामने 06 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण, वार्ड क्र. 08 के अंतर्गत मोतीसागरपारा बजरंग बली से किनारे दुकान तक 12 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण एवं नाली मरम्मत कार्य तथा वार्ड क्र. 09 अंतर्गत नवीन हाई स्कूल सीतामणी में 35 लाख रूपये की लागत से अहाता निर्माण का कार्य कराया जाना हैं। आज सीतामणी चौक में उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में उक्त विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया।

**राज्य सरकार के 02 वर्ष पूर्ण, सुशासन पुनः हुआ स्थापित** –इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि 13 दिसम्बर को हमारी सरकार के दो वर्ष पूरे हो रहे हैं, इन 02 वर्षो में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कुशल मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने दर्जनों जनहितैषी फैसले लिए, पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया तथा प्रदेश में पुनः सुशासन की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होने कहा कि डॉ. रमन सिंह प्रदेश में 15 वर्षो तक मुख्यमंत्री रहे तथा इस दौरान उन्होने दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की, करोडों लोग इन योजनाओं से लाभान्वित हुए, किन्तु बीच में इन योजनाओं को बंद कर दिया गया था, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पुनः इन जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित कराया, साथ ही जनहित की नई योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ–साथ प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सभी गारंटियों को पूरा किया। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री अटलबिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की और अब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारे छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हो रहा है। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि नगर निगम कोरबा के सभी वार्डो में बिना भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य किए जा रहे हैं तथा विगत 02 वर्षो में लगभग 800 करोड़ रूपये के विकास कार्य स्वीकृत कराए जा चुके हैं।

**कोरबा के विकास में कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी** – इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव एवं उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के निरंतर मार्गदर्शन व आशीर्वाद से नगर निगम कोरबा क्षेत्र के सभी वार्डो में व्यापक रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं तथा मैं अपनी जनता जनार्दन को यह आश्वस्त करती हूॅं कि कोरबा के विकास में कभी कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी। उन्होने कहा कि कुछ वर्षो में कोरबा का विकास थम गया था, किन्तु अब पुनः उद्योग मंत्री श्री देवांगन के मार्गदर्शन में विकास कार्यो को गति मिली है, सड़क, नाली, पानी, बिजली व साफ–सफाई से जुड़ी समस्याएं दूर हो रही हैं, निगम के सभी 67 वार्डो में बिना किसी भेदभाव के वहॉं के नागरिकों की मांग व आवश्यकता के अनुसार विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

**कार्यक्रम में लिया गया स्वदेशी का संकल्प** – कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं आमनागरिकों ने भारतमाता की सेवा और सम्मान के लिए दैनिक जीवन में अधिकतम भारतीय उत्पादों व देशी विकल्पों को अपनाने, भारतीय उत्पादों को प्राथमिकता देने, गांव, किसान एवं कारीगरों का समर्थन कर स्थानीय उद्योगों को बढावा देने, युवाओं व बच्चों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करने, पारवारिक व सामाजिक जीवन में भारतीय भाषाओं का प्रयोग करने आदि का संकल्प लिया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर के साथ ही एम.आई.सी. सदस्य उर्वशी राठौर, पार्षद धनश्री साहू, ईश्वर पटेल, राधा महंत, रूबीदेवी सागर, सुलोचना यादव, मण्डल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, परविंदर सिंह, अजय विश्वकर्मा, पूर्व पार्षद सुफल दास महंत व जगदीश श्रीवास, ईश्वर साहू, ऋतु जायसवाल, नरेन्द्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव, राकेश अग्रवाल, बीरू पाहूजा, लक्ष्य चतुर्वेदी, सुलोचना राठौर, निगम के अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, जोन कमिश्नर विनोद शांडिल्य, सहायक अभियंता पीयूष राजपूत, आकाश अग्रवाल, विनोद गोंड़, प्रतिमा सागर, राजेन्द्र राजपूत, विजय गुप्ता, रमाकांत साहू, नवीन जायसवाल, सुकेश दलाल, पूर्णिमा पासवान, सुरेन्द्र राजवाड़े, अनुज यादव, भोलू यादव आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।